हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार, 29 मई 2024

तापमान

अधिकतम 47 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .2 डिग्री

11 निर्माणाधीन फ्लाईओवर में खामियों की आशंका ...



12 मई माह में जमकर तप रहा नौतपा, 47 डिग्री की गर्मी ने सताया ...



## कई रूटों पर की जा रही कम किराए की वसूली, रोडवेज को हर माह लाखों रुपये का नुकसान


# रोडवेज को घाटे में धकेल रही ट्रैफिक ब्रांच राउंड फिगर में किराया बनाने में फेल

- कुछ रूटों पर किलोमीटर के मुताबिक किराये की ज्यादा वसूली का फायदा प्राइवेट बस ऑपरेटरों को मिल रहा

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

रोडवेज डिपो की ट्रैफिक ब्रांच ई-टिकटिंग प्रणाली शुरू होने के बाद मशीनों में रूटों के हिसाब से उपयुक्त किराया फीड करने में फेल साबित हो रही है। नतीजा यह है कि इससे रोडवेज विभाग को हर माह लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। राउंड फिगर में किराया फीड नहीं होने के कारण बस परिचालकों से लेकर यात्रियों तक को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खुल्ले पैसों के चक्कर में कई बार यात्रियों और परिचालकों के बीच झगड़ा तक हो जाता है।

ई-टिकटिंग मशीनें आने के बाद ट्रैफिक ब्रांच की ओर से इन मशीनों में विभिन्न रूटों के स्टॉपिज का किराया अपलोड किया हुआ है। किराया अपलोड करते समय किलोमीटर के हिसाब से किराए की वसूली को पूरी तरह अनदेखा किया गया है। कई रूटों पर तो किराया राउंड फिगर तक में नहीं किया गया है, जो बस परिचालकों और यात्रियों के बीच आए दिन झगड़े का कारण बनता रहता है। कुछ रूटों पर किलोमीटर के मुताबिक किराए की ज्यादा वसूली का फायदा प्राइवेट बस ऑपरेटरों को मिल रहा है। रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रूट पर ई-टिकटिंग मशीनों में किराया हास्यास्पद नजर आता है। रेवाड़ी से सहारनवास तक की दूरी मशीनों में 7 किलोमीटर और किराया 5 रुपये फीड किया हुआ है। सहारनवास से कनीना तक की दूरी 31 किलोमीटर और किराया 30 रुपये फीड है, जबकि रेवाड़ी से कनीना की दूरी 38 किलोमीटर और किराया 40 रुपये है। अगर कोई यात्री पहले सहारनवास की पांच रुपये की टिकट लेकर बाद में सहारनवास से कनीना की 30 रुपये की टिकट लेता है, तो विभाग को एक यात्री पर सीधे 5 रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। पांच रुपये बचाने के लिए कई यात्री कनीना या महेंद्रगढ़ की टिकट लेने के लिए सहारनवास आने का इंतजार करते हैं। यह मामला सिर्फ इसी रूट तक सीमित नहीं है। कई अन्य रूटों पर भी अजीबो-गरीब तरीके से किराया फीड किया हुआ है, जो परिचालकों से लेकर यात्रियों तक के गले की फांस बना हुआ है।



FARE LIST
DT: 26/05/2024 TM: 15:59:46
REWARI Depot
Route No : 7038
ORDINARY

| No. | Name | KM | FARE |
|---|---|---|---|
| 01 | SAHN | 7.0 | 5 |
| 02 | BALH | 8.0 | 10 |
| 03 | JADR | 11.0 | 10 |
| 04 | NNGMU | 15.0 | 15 |
| 05 | BUROL | 19.0 | 20 |
| 06 | SIHA | 23.0 | 25 |
| 07 | DAHN | 28.0 | 30 |
| 08 | BARAF | 34.0 | 35 |
| 09 | KANI | 38.0 | 40 |
| 10 | GAKLA | 44.0 | 45 |
| 11 | BUCH | 48.0 | 50 |
| 12 | SIGR | 52.0 | 50 |
| 13 | GANR | 53.0 | 55 |
| 14 | MGH | 59.0 | 60 |



रेवाड़ी। महेंद्रगढ़ रूट पर ई-टिकटिंग मशीनों में फीड किराया। फोटो :हरिभूमि

### जयपुर रूट पर नीमराना के 41 रुपये

जयपुर रूट पर नीमराना बस स्टॉप तक का किराया रेवाड़ी से 41 रुपये फीड किया हुआ है। इससे यात्री को जहां एक रुपया देने में परेशानी आती है, वहीं परिचालक के लिए 9 रुपये लौटाना मुश्किल बन जाता है। इसी तरह से शाहजहांपुर बस स्टॉप से नीमराना तक का किराया मशीनों में 11 रुपये फीड किया हुआ है। यात्री को एक रुपया खुल्ला देने में और परिचालक को 9 रुपये देने में परेशानी उठानी पड़ती है।

### दिल्ली के धौला कुआं तक 97 रुपये

रेवाड़ी से दिल्ली के धौला कुआं तक ई-टिकटिंग मशीनों में किराया 97 रुपये निर्धारित किया हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि धौला कुआं से सराय काले खां की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है। रेवाड़ी से सराय काले खां का किराया महज 100 रुपये फीड किया हुआ है, जब कि धौला कुआं से सराय काले खां का किराया 15 रुपये निर्धारित है। इससे रोडवेज विभाग को राजस्व के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

### महेंद्रगढ़ रूट पर है सबसे बुरा हाल

महेंद्रगढ़ रूट पर किराया फीड करने में भारी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। इस रूट पर यात्री पैसे बचाने के लिए एक बार की सीधी टिकट कटवाने की बजाय दो बार टिकट लेते हैं। इससे उनकी पैसों की बचत होती है। किराया फीड करने से संबंधित एक कर्मचारी अजीत ने दो टूक शब्दों में जवाब दिया कि यह हमारा आंतरिक मामला है। हम अपनी मर्जी के अनरूप किराया तय करते हैं। दूसरी ओर बार-बार प्रयास करने के बावजूद रोडवेज जीएम से संपर्क नहीं हो सका।

### जल्द दिए जाएंगे निर्देश



मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा हो रहा है, तो तुरंत इस मामले में कदम उठाए जाएंगे। उच्चाधिकारियों को इस मामले में आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।
-असीम गोयल, परिवहन मंत्री।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने ट्रेन में सीटीआई का बैग उड़ाया

**रेवाड़ी।** उदयपुर सिटी एक्सप्रेस में चोर एक सीटीआई का बैग चोरी कर ले गए। जयपुर के कनकपुरा निवासी सीटीआई भीकाराम शर्मा ने जीआरपी को दर्ज शिकायत में बताया कि वह ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात था। जब ट्रेन रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो कोच में सीट पर रखा उसका बैग चोरी हो गया। बैग में शिकायत पुस्तिका, चेन पुलिंग की चाबी, दवाएं, कपड़े और दस हजार रुपये थे। सीटीआई ने फोन पर जीआरपी को इसकी सूचना दी। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग से सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। सुलहनाम नहीं होने पर पुलिस ने 11 मई को पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली के कंगनहेड़ी निवासी कमला देवी को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पानी चोरी रोकने गई टीम को धमकाया

**बावल।** शाहपुर में जनस्वास्थ्य विभाग की पाइप लाइन से खेतों में पानी लगा रहे व्यक्ति ने विभाग के कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दी। बावल थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में विभाग के फिटर रूपचंद ने बताया कि वह और पंप ऑपरेटर पाइप लाइन चेक करने के लिए गए हुए थे। शाहपुर निवासी महाबीर मेन पइप लाइन में अवैध कनेक्शन लेकर खेतों में पानी दे रहा था। चेकिंग के दौरान वह बाइक लेकर मौके पर पहुंच गया। उसने दोनों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** खंडोड़ा में गत 16 मई को मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने खंडोड़ा निवासी नीटू कुमार और बलवान को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### रास्ता रोककर मारपीट का मामला दर्ज

**जाटूसाना।** परखोतमपुर में रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस बयान में राजकुमार ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके अपना गुजारा कर रहा है। रात को वह अर्जुन की दुकान से अपने घर जा रहा था। गांव निवासी अनिल ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके शरीर पर काफी चोटें मारीं। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां एकत्रित हुए, तो वह धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 22 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने जांच के बाद महेंद्रगढ़ के सुजापुर निवासी अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## अधर में लटका सड़क निर्माण कार्य धूल फांकने को मजबूर हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

नंदरामपुर गांव से जोड़ने वाले रोड का निर्माणाकार्य अधर में लटकने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टूटी सड़क से उड़ती धूल ने आमजन व दुकानदारों का जीना मुश्किल कर दिया है। लोगों ने प्रशासन से सड़क निर्माणकार्य जल्द शुरू कराने की मांग की है। समाजसेवी रामपाल ततारपुर, अशोक, सूरजभान व कंवर सिंह आदि ने बताया कि इस सड़क का निर्माणकार्य कुछ दिन पहले शुरू हुआ था। नए सिरे से सड़क बनाने के लिए उसे तोड़ दिया गया था। व्यस्त मार्ग होने के कारण इस रोड से रोजाना हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। लगभग एक सप्ताह पहले इस रोड का निर्माणकार्य बंद कर दिया गया। अब आसपास के दुकानदारों और रोड से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि सड़क पर उड़ने वाली धूल से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क का कार्य शुरू कराकर निर्माण जल्द कंपलीट कराया जाए, ताकि लोगों को समस्या से निजात मिल सके।



रेवाड़ी। निर्माणाधीन सड़क से उड़ती धूल। फोटो :हरिभूमि

## अतिक्रमण हटवाने को पैमाइश कराने की मांग

- नगर पालिका पैमाइश का खर्च उठाने के लिए भी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

नगर पालिका चेयरमैन कंवर सिंह यादव ने प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण हटवाने के लिए नायब तहसीलदार को जमीन की तुरंत पैमाइश कराने के लिए पत्र लिखा है। नगर पालिका पैमाइश का खर्च उठाने के लिए भी तैयार है। धारूहेड़ा के नायब तहसीलदार को लिखे पत्र में चेयरमेन कंवर सिंह यादव ने बताया कि सोहना रोड से बास रोड तक के रास्ते को नगर पालिका की ओर से बनवाया जाना प्रस्तावित है। इस रास्ते पर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। अतिक्रमण हटने के बाद ही रास्ते का पक्का निर्माण कराया जाएगा, ताकि यातायात की व्यवस्था सुगम हो सके।

अगर प्रशासन की ओर से जमीन की पैमाइश कराने के बाद अतिक्रमण हटवाया जाता है, तो इससे सड़क निर्माणकार्य सुचारू रूप से पूरा हो सकेगा।



धारूहेड़ा। कस्बे में रोड पर अतिक्रमण की मुंह बोलती तस्वीरें। फोटो :हरिभूमि

### भगतसिंह चौक पर भी अतिक्रमण

चेयरमैन की ओर से नायब तहसीलदार को लिखे पत्र में बताया गया है कि भगतसिंह चौक पर भी बड़ी संख्या में लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। इससे चौक पर जाम जैसे हालात बने रहते हैं। इस जमीन की पैमाइश कराना भी जरूरी है, ताकि अतिक्रमण का साफ कराया जा सके। इसके लिए पैमाइश का पूरा खर्च उठाने के लिए नगर पालिका तैयार है।

## युवा शोधकर्ता पुरस्कार से सम्मानित सोनल

- सोनल रैफल्स यूनिवर्सिटी नीमराना की शोध छात्रा हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-4 निवासी सोनल यादव को हिसार के सरकारी कॉलेज में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में युवा शोधकर्ता के पुरस्कार से नवाजा गया है। सोनल रैफल्स यूनिवर्सिटी नीमराना की शोध छात्रा हैं। वह यूनिवर्सिटी के बेसिक और एप्लाइड साइंसेस स्कूल के जूलॉजी विभाग की पीएचडी स्कॉलर हैं। वह डा. नवीन कुमार के मार्गदर्शन में अनुसंधानरत हैं।

सोनल यादव ने रेवाड़ी जिले की मछलियों के जैव रासायनिक मानकों पर जल जल मापदंडों के भौतिक-रासायनिक प्रभाव पर शोध किया है। यूनिवर्सिटी की कुलपति डा. गडांगी इंदिरा ने सोनल को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि यूनिवर्सिटी को भी गौरवान्वित किया है। सोनल को इस उपलब्धि पर डा. मीनाक्षी शर्मा, संतोष जोशी, जहीर अंसारी, मृण्मय मंडल, मनमोहन शर्मा व सूर्यकांत स्वामी आदि ने भी बधाई दी है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में सम्मान ग्रहण करते हुए सोनल यादव। फोटो :हरिभूमि

### शोध में यूनिवर्सिटी ने खुद को किया साबित

कोमल यादव ने बताया कि रैफल्स विश्वविद्यालय ने हाल के समय में शोध के क्षेत्र में खुद को साबित किया है, जहां छात्र हर दिन विभिन्न उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं, जिससे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा में और वृद्धि हुई है। वर्तमान में रैफल्स विश्वविद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में प्रवेश जारी हैं। यह छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बंद मकान का ताला तोड़कर बर्तन व अन्य सामान चोरी

**रेवाड़ी।** ओढ़ी में चोर एक बंद मकान से हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में विजय सिंह ने बताया कि वह जयपुर में रह रहा है। गांव में उसका और उसके भाइयों का पुस्तैनी मकान है। अपने भाई सुमेर सिंह के साथ वह गांव के पुस्तैनी मकान देखने के लिए आया तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला। चोर मकान से 1 पंखा टेबल, 1 पंखा छत, 1 पीतल का टिफन, 3 पीतल कि टोकनी, 3 पीतल की देगची, 2 पीतल के कटोरदान, 6 पीतल के गिलास, 1 मिक्सी, 1 गैस चूल्हा सिलंडर, 1 जेब घड़ी, 13 ताले, 1 इमामदस्ता, 2 कुशा लोहे की, 1 लोहे की साबल, 3 कुल्हाडी, 2 लोहे का तवा, बिजली की फिटिंग की वायर व अन्य समान चोरी कर ले गए।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट, चेन झपटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- पुलिस ने चार महिलाओं सहित कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया

जोनावास में एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करने और गले से सोने की चेन झपटने के आरोप में पुलिस ने चार महिलाओं सहित कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल में उपचाराधीन शर्मिला कुमारी ने बताया कि उसका पति महेंद्रगढ़ में नौकरी करता है। बेटा बाहर पढ़ रहा है। वह घर पर अकेली थी। गली में आवाज सुनकर वह बाहर आई तो उसके मकान के पास रखी ग्रेनाइट की टाइलों को पड़ोसी उठाकर ले जा रहे थे। उसने उन्हें ऐसा करने से रोका तो राजबाला, सुमन, रिंकी, हिना व बीना उसके घर में घुस गई। बाहर से सूरत ने गेट बंद कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने उसके साथ घर में घुसते ही मारपीट शुरू कर दी। उसके गले से सोने की चेन झपट ली। साथ ही धमकी दी कि अगर वह घर छोड़कर नहीं गई, तो उसे जान से खत्म कर दिया जाएगा।

पड़ोस की महिला ने शोर सुनकर वहां आकर उसका बचाव किया। इसके बाद वह इलाज के लिए मीरपुर सीएचसी पहुंची, जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया।

**जागरूकता** महिला या लड़की से छेड़छाड़ व किसी भी महिला का शोषण कानूनी अपराध

## जीआरपी टीम ने रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक रेलवे राजेश कालिया के दिशा निर्देश पर महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से जीआरपी एसएचओ भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में महिला एएसआई रेखा कौशिक व उनकी टीम ने रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों को महिला विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध, नशा के दुष्परिणाम संबंध में जागरूक किया। जीआरपी की टीम ने महिलाओं को आम जीवन में होने वाले अपराधो से बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभाव इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। प्रत्येक महिला इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास महिला विरुद्ध अपराध को देखती है जिसमें महिला या लड़की से छेड़छाड़ व किसी भी महिला का शोषण कानूनी अपराध है। जीआरपी टीम ने बताया कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर किस प्रकार अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। किशोरावस्था में नौजवान युवतियां भी शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करती हैं परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है जिसके पश्चात इसे छोड़ पाना उनके लिए बहुत मुश्किल कार्य हो जाता है। नशा इंसान के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डालता है जिसकी वजह से उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं।



रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन पर महिलाओं को जागरूक करते जीआरपी। फोटो :हरिभूमि

### नशा बेचने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें

अगर आपके आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देकर समाज को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस को सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 सेवा के बारे में बताते हुए विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों/अपराधियों की पहचान व बचाव उनके निवारण इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर भी जागरूक किया गया।

### लुहाना गांव में श्रीराम कथा का आयोजन 1 से

**डहीना।** गांव लुहाना में 1 से 3 जून तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता यशपाल आर्य ने बताया कि आर्य समाज मंदिर लुहाना में होने वाले इस तीन दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव में राम कथा मर्मज्ञ तथा जाने-मानी विदुषी बहन अंजली आर्या कथा वाचन करेंगी। आर्य समाज तथा सभी ग्राम वासियों के सहयोग से रात्रि 8 बजे से 11:00 बजे के बीच आयोजित किए जा रहे इस कथा महोत्सव में क्षेत्र के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं विद्वान भाग लेंगे।



# करण ने सिद्धांत और तृप्ति के साथ किया धड़क-2 का ऐलान

**मुंबई।** करण जौहर ने धर्मा प्रोडक्शन में बन रही फिल्म धड़क 2 का एलान कर दिया है। पिछले कुछ वक्त से खबरें थीं कि फिल्ममेकर सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म धड़क 2 बना रहे हैं। आज एक मोशन पोस्टर के साथ कन्फर्म हो गया है। साथ ही रिलीज़ डेट भी अनाउंस कर दी गई है। धड़क की तरह धड़क 2 भी एक अनोखी लव स्टोरी होने वाली है जिसमें एक बार फिर जाति की वजह से दो प्यार करने वालों का अंत हो जाता है। करण जौहर ने मोशन पोस्टर शेयर किया है जिसमें दीवार पर लव स्टोरी की शुरुआत और अंत दिखाई दे रहा है। कैप्शन में लिखा है 'यह कहानी है थोड़ी अलग क्योंकि एक था राजा, एक थी रानी - जात अलग थी... तम कहानी।'

## लाइफ Style

# अवनीत

## दुनिया को दिखाई अपनी डायमंड की रिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अदाओं का जादू बिखेरने के बाद अवनीत कौर ने फैंस को सरप्राइज दिया है। एक्ट्रेस ने अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं जिसके बाद उनकी सगाई के कयास लगाए जा रहे हैं। बेबी पिंक कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस अपनी डायमंड की रिंग फ्लॉन्ट कर रही हैं।

एक दूसरी तस्वीर में उन्हें फूलों के साथ देखा जा सकता है। तस्वीरें सामने आने के बाद उनके फैंस सगाई की बधाई दे रहे हैं। वहीं, कुछ का कहना है कि एक्ट्रेस किसी विज्ञापन का शूट कर रही हैं। अवनीत कौर कम उम्र में पॉपुलैरिटी हासिल करने वाली शानदार एक्ट्रेस हैं। चाइल्ड आर्टिस्ट के दौर पर करियर की शुरुआत करने वाली अवनीत को नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हीरोइन के रूम में फिल्म टीकू वेड्स शेरू में देखा गया है। अब अपनी सगाई को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा 'अच्छी चीजों में समय लगता है। दुनिया को इस मिलन और आगे क्या होने वाला है इसके बारे में बताने का इंतजार नहीं कर पा रही हूं।' अवनीत की इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा-क्या सगाई हो गई है?। एक अन्य यूजर ने लिखा, -रिंग एड है ये, दूसरे यूजर ने लिखा- इनकी सगाई हो गई है, मुझे पता है किससे। अवनीत की इन तस्वीरों पर खूब प्यार बरसाया जा रहा है। अवनीत कौर की लव लाइफ की बात करें तो एक्ट्रेस म्यूजिक वीडियो प्रोड्यूसर राघव शर्मा को डेट कर रही हैं। दोनों पिछले तीन सालों से साथ हैं। कई मौकों पर इन्हें साथ भी देखा गया है।



## हॉलीवुड मसाला



# निकी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** ओनिका तान्या मैराज-पेटी जिसे लोग निकी मिनाज भी कहते हैं। निकी त्रिनिदाद में जन्मी हैं। निकी जानी मानी रैपर और सिंगर हैं। कई लोग उन्हें रैपिंग क्वीन भी कहते हैं। निकी अपने खास एल्बम 'पिंक फ्राइडे' (2010) और 'बिलबोर्ड' को लेकर खास लाइमलाइट में आई थीं। निकी अपने खास गानों की वजह से तो सुर्खियां बटोरती ही हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं, लेकिन इस बार कुछ ऐसा हो गया है जिसकी वजह से वह बड़ी परेशान में फंस सकती हैं।



# 54 की उम्र में तलाक ले रही हैं ये टॉप सुपरस्टार

**लॉस एंजिलिस।** ऐसा लगता है कि जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक के रिश्ते में एक बार फिर से दरार आ गई है। हालिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह जोड़ा तलाक की ओर बढ़ रहा है। कथित तौर पर 'गॉन गर्ल' एक्टर पहले ही जेनिफर लोपेज का घर छोड़ चुके हैं। एक सूत्र ने बताया, 'बेन एफ्लेक का जेनिफर लोपेज के साथ ब्रेकअप हो गया है और वह अपने घर छोड़कर चले गए हैं।' एक अंदरूनी सूत्र ने कहना है कि, 'दोनों का रिश्ता खत्म हो गया है और वे तलाक की ओर बढ़ रहे हैं। और इसके लिए बेन को दोष नहीं देना चाहिए! यह भी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज जल्द ही अपना ड्रीम हाउस बेच सकते हैं।



# रश्मिका फिर हुईं डीपफेक की शिकार

**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना एक बार फिर डीपफेक वीडियो का शिकार हो गई हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एआई का उपयोग करके चेहरे के साथ छेड़छाड़ की हुई है। इस वीडियो में एआई की मदद से एक मॉडल के शरीर के साथ रश्मिका का चेहरा जोड़ दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अप्रैल 2024 में कोलंबियाई मॉडल और कंटेंट क्रिएटर डेनिएला विलारियल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह स्ट्रैपलेस बिकिनी में झरने के पास पोज देती नजर आ रही हैं। कुछ दिन पहले एआई की मदद से मॉडल का चेहरा रश्मिका से बदल दिया गया और यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। डीपफेक के बढ़ते मामलों के बाद अब ऐसे मामलों पर कानून भी सख्त हो गया है।



# अक्षय समय को लेकर रहते हैं पाबंद...

**मुंबई।** अनीस बज्मी एक हिट मेकर हैं। अनीस ने अब तक की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्देशन किया है, जिसमें नो एंट्री, वेलकम और हाल ही में आई भूल भुलैया 2 शामिल हैं। अपने करियर के दौरान, अनीस ने कई सुपरस्टार्स के साथ काम किया है और अब उन्होंने उनमें से दो सुपरस्टार्स - सलमान खान और अक्षय कुमार के बारे में बात की है। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा है। शाहरुख-सलमान की जोड़ी ने नो प्रॉब्लम, सिंह इज किंग और थैंक यू जैसी फिल्मों में काम किया है। अब हाल ही में एक साक्षात्कार में, अनीस बज्मी ने अक्षय को 'समय का पाबंद' बताया और कहा, 'हम उनके साथ काम करते समय हमेशा चिंतित रहते हैं, क्योंकि अगर वह कहते हैं कि हम सुबह 7 बजे काम शुरू करेंगे, तो वह सुबह 7 बजे वहां पहुंच जाएंगे।

## टीवी मसाला

# आ रही हैं आयुषी भावे अब इस नए धारावाहिक में...

**मुंबई।** पांच साल की उम्र से ही कथक सीखती रहीं अभिनेत्री आयुषी भावे ने मुंबई मनोरंजन जगत में खूब नाम कमाया है। छह साल पहले वह मुंबई और महाराष्ट्र की श्रावण क्वीन हनीं, फिर मराठी चैनल जी युवा के सेलेब्रिटी मराठी डांस सेलेब्रिटी डांस शो युवा डांसिंग क्वीन का हिस्सा रहीं आयुषी भावे जल्द ही हिंदी धारावाहिकों के दर्शकों को अपने रूप जाल में बांधने आ रही हैं। वह एक पारलौकिक कहानी का हिस्सा बनी हैं, जिसमें वह अभिनेता राजवीर सिंह और अभिनेत्री शांभवी सिंह के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं। आयुषी भावे के पिता जितेंद्र महाराष्ट्र से और उनकी मां निशा उत्तराखंड से हैं। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल और विल्सन कॉलेज में पढ़ाई करने वाली आयुषी ने समाज शास्त्र में एम.ए. किया है और मराठी मनोरंजन जगत में उनका काफी नाम रहा है। फिल्म 'तमाशा लाइव' में काम कर चुकी आयुषी जल्द ही एक सुपरनैचुरल थ्रिलर शो '10:29 की आखिरी दस्तक' के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। आयुषी भावे इस शो में बिंदु का किरदार निभाएंगी।



## अनुपमा का एपिसोड देखकर दर्शकों का चढ़ा पारा

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा का मंगलवार का एपिसोड देखने के बाद फैंस सोशल मीडिया पर काफी नाराज नजर आए। यशदीप से लेकर मेकर्स तक को ट्रोल करने में लोगों ने कसर नहीं छोड़ी। टीवी सीरियल अनुपमा के मेकर्स जिस तरह कहानी को एक झटके में पलटते हैं, उससे दर्शक कई बार हैरान रह जाते हैं। लेकिन, यही वो क्वालिटी है जिसके चलते यह शो लगातार टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ है। एक हाउसवाइफ की कहानी, जो अपनी जिंदगी में कुछ बेहतर करने की कोशिश कर रही है। किस तरह दुनिया हर बार उसकी राह में मुश्किलें खड़ी करती है और कैसे वो हर बार उठ खड़ी होती है। शो का यह ट्रैक लोगों को इतना पसंद आया है कि अनुपमा का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली घर-घर में मशहूर हो चुकी हैं। मंगलवार के एपिसोड में मेकर्स ने फिर एक बार शॉकिंग ट्विस्ट लाकर दर्शकों को हैरान कर दिया।



# 15 दिनों में बनकर तैयार हुई थी 'कौन' बॉक्स ऑफिस ने कमाए थे करोड़ों

**नई दिल्ली।** साल 1999 की बात है। राम गोपाल वर्मा ने एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म बनाई थी। उन्होंने इस फिल्म में सिर्फ तीन लोगों को कास्ट किया था- उर्मिला मातोंडकर, मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह। यह फिल्म 15 दिनों में बनकर तैयार हो गई थी और इस फिल्म को बनाने में सिर्फ सवा दो करोड़ रुपये का खर्च आया था। पहचाना? नहीं! चलिए आपको इस फिल्म का नाम और इस फिल्म के बारे में बताते हैं। राम गोपाल वर्मा की इस फिल्म का नाम 'कौन?' है। इस फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने डायरेक्ट किया था। वहीं, अनुराग कश्यप ने इस फिल्म की कहानी लिखी थी। इस फिल्म को रिलीज हुए लगभग 25 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी सिनेप्रेमियों के बीच ये हॉरर-थ्रिलर फिल्म काफी फेमस है। शायद इसी वजह से आईएमडीबी पर इस फिल्म को 10 में से 7.8 की रेटिंग मिली हुई है।



***ऐसी है फिल्म की कहानी :*** फिल्म के शुरुआत में न्यूज में दिखाया जाता है कि एक खूंखार कातिल जेल से फरार हो चुका है। उसके बाद मैम (उर्मिला मतोंडकर) के घर के दरवाजे पर कोई दस्तक देता है। वह देखती है तो उसे दो अनजान आदमी (मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह) अपने घर के दरवाजे के बाहर खड़े दिखाई देते हैं। ये लोग कौन होते हैं? क्या इन्हीं में से कोई एक खूंखार कातिल होता है? अगर 'हां' तो मैम इस कातिल से कैसे बचेगी? अगर एक कातिल है तो दूसरा व्यक्ति कौन है? बस इन्हीं सवाल के आसपास फिल्म की कहानी घूमती नजर आती है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से तकरीबन 5.62 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

# छाया कदम ने किया डांस तो लोग ट्रोल करने लगे, अब दिया जवाब

*__लॉस एंजिलिस।__ कान्स 2024 में लापता लेडीज की एक्ट्रेस छाया कदम ने अवॉर्ड जीतने के बाद खूब एंजॉय किया. लेकिन उनके डांस को लेकर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। इसके बाद एक्ट्रेस ने इसपर रिएक्ट भी किया है। कान्स में उनकी फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट को ग्रैंड प्रिक से नवाजा गया है जो कान्स का दूसरा सबसे बड़ा अवॉर्ड है। एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान छाया कदम ने कहा- 'अवॉर्ड की तो हम बात ही नहीं कर रहे हैं, 30 साल के लंबे वक्त के बाद कान्स के मेन अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होना भी बहुत बड़ी बात है। ऐसे में क्या प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जाए? हम अपनी खुशी ऐसे ही दिखाते हैं। कूद-कूदकर' इसके बाद जब छाया से पूछा गया कि सबसे पहले डांस की शुरुआत किसने की तो इसका जवाब देते हुए छाया ने कहा- मैं बहुत खुश थी. मेरे पास ये खुशी जाहिर करने के लिए कोई शब्द ही नहीं था। मैं श्योर तो नहीं हूं लेकिन शायद मैंने ही सबसे पहले डांस की शुरुआत की थी। छाया के मुताबिक सिर्फ वही लोग ये अवॉर्ड जीतने पर एंजॉय नहीं कर रहे थे, बल्कि आस-पास का माहौल भी काफी खुशनुमा था। यहां तक कि जब कैमरामैन ने फोटो खींचनी शुरू की तो उस दौरान उसने भी ये कहा कि आप लोग जैसे डांस कर रहे हैं वैसे डांस करते रहिए। एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि जब वे कार से उतरकर फिल्म के प्रीमियर पर पहुंची थीं उस दौरान मराठी गाना गुलाबी साड़ी बज रहा था।*



# पंचायत -3 के अलावा इस हफ्ते ओटीटी पर रहेगा इन फिल्मों-सीरीज का जलवा, मिलेगा मनोरंजन का फुल डोज

**मुंबई।** सिनेमाघरों में इस हफ्ते राजकुमार राव और जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' रिलीज होने वाली है। ये फिल्म 31 मई के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वहीं, ओटीटी पर 'पंचायत 3' के साथ-साथ कई अन्य फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होंगी। आपके लिए हमने यहां इस हफ्ते ओटीटी पर आने वालीं वेब सीरीज और फिल्मों की लिस्ट दी है। यदि आप वीक डेज पर ओटीटी पर कुछ मजेदार देखना चाहते हैं तो ये लिस्ट आपके लिए मददगार साबित हो सकती है।




**पंचायत 3 :** 'पंचायत' का तीसरा सीजन ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गया है। इस बार पंचायत में कई सारी नई चीजें दिखाई गई हैं जैसे सचिव जी और रिंकी की लव स्टोरी, दामाद जी की वापसी, खूनखराबा और प्रहलाद का नया अवतार। आप वीकेंड पर या वीक डेज पर इस सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। बता दें, तीसरे सीजन के 40-40 मिनट के आठ एपिसोड हैं।




**इल्लीगल 3 :** दो सीजन के हिट होने के बाद अब मेकर्स 'इल्लीगल' का तीसरा सीजन लेकर आ रहे हैं। नेहा शर्मा और अक्षय ओबेरॉय की वेब सीरीज 'इल्लीगल-3' कल यानी 29 मई के दिन जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। 'पंचायत 3' के बाद आप ये लीगल ड्रामा देख सकते हैं।




**डेढ़ बीघा जमीन :** प्रतीक गांधी और खुशाली कुमार की फिल्म 'डेढ़ बीघा जमीन' 31 मई के दिन जियो सिनेमा पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में एक मध्यम वर्गीय आम आदमी की कहानी बताई जाएगी जो अपनी बहन के दहेज के लिए पैसे जुटाने की कोशिश कर रहा है।



**स्वातंत्र्य वीर सावरकर :** रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। ये फिल्म आज से यानी 28 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। बता दें, इस फिल्म के जरिए रणदीप हुड्डा ने अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की है और इस फिल्म में रणदीप के अलावा अंकिता लोखंडे भी हैं।

# चिरंजीवी ने 101वीं जयंती पर एनटी रामा राव को किया याद



**मुंबई।** तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी ने एनटी रामा राव की 101वीं जयंती पर उन्हें याद किया। साथ ही, सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने भारत सरकार से पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न देने की मांग भी की। अभिनेता चिरंजीवी तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। दक्षिण भारत में उन्हें मेगास्टार कहकर भी पुकारा जाता है। हाल ही में अभिनेता ने अविभाजित आंध्र प्रदेश के सीएम एनटी रामा राव को उनकी 101वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए केंद्र सरकार से एनटीआर को भारत रत्न से सम्मानित करने का अनुरोध भी किया।

## खबर संक्षेप

### सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाला गिरफ्तार

**बावल।** थाना बावल पुलिस ने मारपीट करने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शाहपुर गांव में सरकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गत 18 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए शाहपुर निवासी लाजपत उर्फ हाडा को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बदनीयती से घर में घुसने का आरोपी काबू

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में बदनीयती से घर में घुसने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत पर उसी के गांव निवासी महाबीर पर रात के समय उसके घर में घुसने का आरोप लगाया था। नींद खुलने के बाद आरोपी उसके घर से फरार होने में कामयाब हो गया था। गत 10 अप्रैल को दर्ज इस मामले में पुलिस ने महाबीर को गिरफ्तार कर लिया।

### चुनाव में आई कटुता को दूर करें लोग

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कहा लोकसभा चुनावों के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों ने राजनीतिक लाभ के लिए समाज के लोगों में कटुता फैलाने का काम किया था। लोगों को चुनावों के बाद कटुता को भुलाकर आपसी प्रेम और भाईचारे की ओर बढ़ना चाहिए। मंगलवार को एक बयान में विद्रोही ने कहा कि जनादेश ईवीएम में कैद हो चुका है। लोगों को 4 जून को परिणाम आने पर जनमत को स्वीकार करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से उसका सम्मान करना चाहिए।

### जनवरी माह से लापता युवक का सुराग नहीं

**रेवाड़ी।** चिराहड़ा गांव से जनवरी माह से लापता एक युवक का सुराग अभी तक नहीं लगा है। पुलिस ने उसकी पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में मनीषा ने बताया कि उसका पति मानसिक रूप से बीमार चल रहा है। वह पहले भी कई बार घर से बिना बताए चला जाता था। कुछ दिन बाद लौटकर आ जाता था। इस बार वह 10 जनवरी को घर से निकला था। इसके बाद वापस नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### वकीलों ने दूसरे दिन भी रखा वर्क सस्पेंड

**रेवाड़ी।** जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर वकीलों ने मंगलवार को भी वर्क सस्पेंड रखा। इससे कोर्ट में अवकाश जैसा माहौल बना रहा। प्रधान विश्वामित्र ने बताया कि कोर्ट के कामकाज में देरी को लेकर वकीलों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बावजूद वकीलों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। बार ने सोमवार को भी वर्क सस्पेंड रखा था। सकारात्मक जवाब नहीं मिलने के कारण दूसरे दिन भी वकीलों ने कामकाज ठप रखा।

## उपायुक्त को लिखा पत्र, फ्लाईओवर के मेन स्ट्रक्चर में आई दरारें

# निर्माणाधीन फ्लाईओवर में खामियों की आशंका, डीसी से जांच की मांग

**अभी से मेन स्ट्रक्चर में नजर आ रही दरारें, बाद में कर दी जाएगी लीपापोती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। फ्लाईओवर के स्ट्रक्चर में नजर आ रही दरारें। फोटो : हरिभूमि

भाड़ावास रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे फ्लाईओवर के निर्माण में अनियमितताओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मेन स्ट्रक्चर में अभी से दरारें नजर आने लगी हैं, जो फ्लाईओवर की मजबूती को लेकर सवाल खड़े कर रही है। एक प्रबुद्ध नागरिक ने डीसी के माध्यम से उच्चाधिकारियों को फ्लाईओवर के स्ट्रक्चर में आ रही दरारों से अवगत कराते हुए मामले की जांच की मांग उठाई है, ताकि फ्लाईओवर की मजबूती सुनिश्चित हो सके। डीसी व अन्य अधिकारियों को लिखे पत्र में समाजसेवी व प्रबुद्ध नागरिक प्रकाश खरखड़ा ने बताया कि फ्लाईओवर का मेन स्ट्रक्चर तैयार हो चुका है। उसमें कई स्थानों पर दरारें दूर से ही नजर आ रही हैं। बाद में इन दरारों को रंग-रोगन से पाट दिया जाएगा। इसके बाद फ्लाईओवर की मजबूती पर हमेशा संशय बना रहेगा। फ्लाईओवर की कमजोरी बाद में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, जिस कारण इसकी जांच कराया जाना जरूरी है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन जल्द निर्माणाधीन फ्लाईओवर के स्ट्रक्चर की मजबूती की जांच कराए, ताकि खामियां पाए जाने पर उन्हें समय रहते दूर किया जा सके।

### उठाते समय क्रेक हो गया था बीम

इस फ्लाईओवर के निर्माण के लिए करीब 2 साल पहले जमीन पर ही बीम तैयार किए गए थे। बीम को क्रेन से उठाते समय वह क्रेक हो गया था। इससे निर्माण साम्रगी को लेकर भी सवालिया निशान खड़े हो गए थे। बाद में बीम की मजबूती चेक करके उनका इस्तेमाल किया गया था। अब स्ट्रक्चर में आ रही दरारों ने एक बार फिर निर्माण सामग्री को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस समय इसकी जांच होना जरूरी हो गया है।

### निर्माण की गति धीमी होने से परेशानी

इस फ्लाईओवर का निर्माणकार्य एचएसआरडीसी की ओर से कराया जा रहा है। इसके लिए जून 2003 की डेडलाइन निर्धारित थी, लेकिन अभी तक निर्माणकार्य पूरा नहीं हो सका है। निर्माण में देरी पीछे कई तकनीकी कारण माने जा रहे हैं। हालांकि अब रेलवे के हिस्से को पूरा करना शेष है। निर्माण में देरी के कारण बड़ी संख्या में भाड़ावास रोड की ओर आवागम करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## अवकाश के दौरान स्कूल खुले तो लिया जाएगा एक्शनः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



राहुल हुड्डा।

भारी गर्मी को देखते हुए शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रदेश के बारहवीं कक्षा तक के सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों का अवकाश 30 जून तक घोषित किया जा चुका है। इस अवधि के दौरान अगर कोई स्कूल खुला मिलता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्कूलों को निदेशालय के आदेशों की हर हाल में पालना करनी होगी। गर्म हवाओं और अधिकतम तापमान को देखते हुए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी कर दिया। अलर्ट में बताया गया कि इस दौरान 25 से 30 किलोमीटर की रफ्तार से गर्म हवाएं चलने की संभावना है। ऐसे में आमजन सावधानी बरतें और जरूरी होने पर ही दोपहर में घर से बाहर निकले। उन्होंने बताया कि देश के कई कुछ राज्यों में तापमान 48 से 49 डिग्री तक भी पहुंच चुका है। ऐसे में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में मौसम का तापमान इससे भी अधिक हो सकता है। ऐसे में इंडियन मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट द्वारा रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही, अगले कुछ दिन बहुत सावधानी बरतने की हिदायत भी दी है। इस दौरान गर्म हवाओं की चपेट में आने की संभावना काफी अधिक है। अगर इस दौरान आप लू की चपेट में आ जाते हैं, तो इससे आपकी सेहत को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

## पक्षियों के लिए की गई दाना-पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



जिले के गांव पीथड़ावास निवासी समाजसेवी अमृत कुमार भीषण गर्मी की परवाह किए बगैर घर, खेत, धार्मिक स्थल या अन्य कहीं सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए कृत्रिम घोंसले तथा उनके नजदीक पानी के सकोरे लगाकर नियमित रूप से दाना-पानी की व्यवस्था कर युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। सरपंच प्रतिनिधि मोहित कुमार ने समाजसेवी द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अमृत कुमार सामाजिक सरोकार के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हुए हर वर्ष ग्रीष्म ऋतु में जीव-जंतुओं के लिए दाना-पानी के साथ साथ कृत्रिम आश्रय प्रदान कर रहे हैं।

### लोन क्लियर करने के नाम पर लगाया 6.78 लाख का चूना

**रेवाड़ी।** लैंडिंग कार्ट का लोन चुकता करने के लिए गूगल से सर्च किए गए नंबरों पर कॉल करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने उसे 6.78 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। रामपुरा निवासी भानू यादव ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसने 18 जुलाई 2023 को लैंडिंग कार्ट का 8.50 लाख रुपये का लोन लिया था। इस लोन को चुकता करने के लिए उसने कंपनी का कस्टमर केयर नंबर गूगल पर सर्च किया था। गूगल पर मिले नंबरों पर संपर्क करने के बाद उसे बताया गया कि कंपनी का प्रतिनिधि जल्द उससे बात करेगा। इसके बाद उसके पास व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि उसे लोन चुकता करने के लिए बंधन बैंक के खाते में 678061 रुपये जमा कराने होंगे। उसने उसके बताए खाता नंबरों पर यह राशि जमा करा दी।

### सीहा में संत सम्मेलन व भंडारा 4 जून को

**कुंड।** सीहा के सिद्ध श्री योगीराज बाबा रामस्वरूपदास आश्रम में आगामी 4 जून को ब्रह्मलीन महंत बाबा भगवानदास ओर महंत प्रेमदास जी महाराज की स्मृति में संत सम्मेलन ओर विशाल भंडारे का आयोजन होगा। संत सम्मेलन में देश भर संत समाज भाग लेकर अध्यात्मिक चिंतन करेंगे ओर दूर दराज क्षेत्रो से श्रद्धालु भाग लेकर भंडारे में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। आश्रम के महंत नरोतमदास महाराज नें बताया कि कार्यक्रम के चलते 1 जून को दादू वाणी के अखंड पाठ, 3 जून को आचार्य श्री का सामेला ओर महंतो का स्वागत ओर 4 जून को दादू वाणी जी की भव्य शोभा यात्रा, उसके बाद आरती, भोग प्रसाद वितरण ओर विशाल भंडारा शुरू हो जायेगा। दोपहर के समय संत सम्मेलन ओर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित ओर फिर विदाई कार्यक्रम होगा। महंत नरोतमदास महाराज की अगुवाई में आश्रम के सेवक ओर भगतगण कार्यक्रम की तैयारियो में जुटे हुए है।



### समाजसेवी के पिता को दी प्रबुद्ध लोगों ने श्रद्धांजलि

**कोसली।** कोसली के शिक्षाविद् एवं साहित्यकार व समाजसेवी डा. महावीर सिंह 'निर्दोष' के पिता मामन सिंह का निधन हो गया। उनकी आयु 79 वर्ष थी। वे एक मेहंती ,कर्मठ और ईमानदार व्यक्ति थे। उनकी रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि सभा 3 जून को गुड़ियानी रोड़ स्थित आशीर्वाद गार्डन में होगी। मंगलवार को जाने-माने साहित्यकार हलचल हरियाणवी, दलवीर 'फूल', देशराम 'देश प्रेमी', त्रिलोक चंद 'फतेहपुरी' व डॉक्टर सतबीर इंदौरा, दयानंद भारद्वाज, जवान सिंह मेहरा, दुगार्दास, रमेश शर्मा, दयानंद अहलावत, ने डा बलजीत सिंह, कैलाश बाई ,ओमप्रकाश डाबला, दिनेश शर्मा, प्रेम सिंह,अशोक कुमार ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक-संतप्त परिवार से अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

## मतगणना के लिए हलचल शुरू, कर्मचारियों का हुआ पहला रेंडमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। मतगणना की रेंडमाइजेशन में भाग लेते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

गत 25 मई को हुए लोकसभा चुनावों के बाद मतगणना की तैयारियों के लिए प्रशासनिक स्तर पर हलचल शुरू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा की अध्यक्षता में मंगलवार को मतगणना से जुड़े अफसरों और कर्मचारियों का पहला रेंडमाइजेशन पारदर्शी तरीके से भारत निर्वाचन आयोग के सिस्टम के अनुसार किया गया। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला में लोकसभा के आम चुनाव हो चुके हैं तथा अब मंगलवार 4 जून को मतगणना उपरांत नतीजे घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत होती है। उन्होंने बताया कि मतगणना के मद्देनजर अधिकारियों व कर्मचारियों को गुरूवार 30 मई को दोपहर 12 बजे प्रथम मतगणना प्रशिक्षण तथा सोमवार 3 जून को द्वितीय मतगणना प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना टीम में मतगणना ऑब्जर्वर, माइक्रो आब्जर्वर व मतगणना सहायक शामिल होंगे। मतगणना कार्य के मद्देनजर डीआईओ महेश भारद्वाज द्वारा रेंडमाइजेशन के तहत सबसे पहले सॉफ्टवेयर पर रेंडमाइजेशन की मॉक ड्रिल की गई तथा उसके उपरांत फाइनल रेंडमाइजेशन किया गया। कम्प्यूटर सिस्टम के माध्यम से मतगणना के लिए विधानसभा अनुसार अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम बनाई गई। इसके उपरांत फाइनल रेंडमाइजेशन का प्रिंट निकालकर जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा व संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर करवाए गए। रेंडमाइजेशन के तीन चरण के तहत प्रथम रेंडमाइजेशन में अधिकारियों-कर्मचारियों का ड्यूटी के लिए चयन किया जाता है। दूसरे रेंडमाइजेशन में अधिकारियों-कर्मचारियों को उनसे संबंधित विधानसभा के बारे में जानकारी दी जाएगी। तीसरे व अंतिम रेंडमाइजेशन में अधिकारियों-कर्मचारियों की किस मतगणना टेबल पर ड्यूटी रहेगी, के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी। गुड़गांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 72-बावल व 74-रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 18 रेवाड़ी में तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 73-कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना जैन पब्लिक स्कूल रेवाड़ी में होगी।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए करें दाना पानी की व्यवस्थाः नीरज राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। बच्चों को पानी के सिकोरे वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आकाश एकेडमी में बच्चों को पानी के सिकोरे वितरित किए गए। इस दौरान बच्चों को अपने-अपने घरों की छत पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवसा करने का आह्वान किया। साहित्यकार एवं समाजसेवी नीरज राव खेड़ा ने बच्चों व अध्यापकों के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। इस दौरान बच्चों को बताया कि प्रकृति में बढ़ते तापमान के साथ ही पशु-पक्षियों के सामने खाने पीने की समस्या विकराल रूप ले लेती है। पक्षी पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गर्मी में चाहें हम कहीं पर भी रहें पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था अवश्य करनी चाहिए, जिससे गर्मी के मौसम में बेसहारा पक्षियों को कुछ राहत मिल सके। इसके साथ-साथ लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नीरज राव, देवेंद्र बैरावास, विकास रामलवास, अतर सिंह, कंचन यादव, ज्योति सैनी, ज्योति तंवर, बबीता यादव व मनीष राणा आदि उपस्थित रहे।

## मोहल्ला महायचान में बीट द हीट विद फन कार्यक्रम में झूमे बच्चे

- बचपन मानव का सबसे यादगार जीवन : डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। बच्चों को संबोधित करती डॉ. पवित्रा राव। फोटो : हरिभूमि

शहर के मौहल्ला महायचान स्थित गुरु रविदास धर्मशाला में शाम के समय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति की ओर से बीट द हीट विद फन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्षा डॉ. पवित्रा राव मुख्यातिथि रही जबकि अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावनिया ने की। इस दौरान समिति की ओर से बच्चों के लिए अनेक मनोरंजन भरे कार्यक्रम के साथ-साथ आईसक्रीम पार्टी का भी आयोजन किया गया। संगीत की धुन पर नाचते-गाते खूब आनंद उठाया। समिति अध्यक्षा डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि बचपन का जीवन मानव का सबसे यादगार जीवन होता है यहां से ही नींव तैयार होती है। विद्यार्थी जीवन में हम सिफ किताबों से ही नहीं भावनात्मक, शारीरिक, सामाजिक रूप से भी ज्ञानार्जन करते हैं। डॉ. राव ने कहा कि हर बच्चे का चेहरा जीवन में हमेशा ऐसे ही मुस्कुराता रहे, खुशी के पलों को संजीदगी से जीते हुए सभी विद्यार्थी पढ़-लिखकर अपना व अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी बच्चों के बीच आकर उनकी शिक्षा में सहयोग करने को लेकर आश्वस्त किया। पूर्व डीईओ मुकेश लावनिया ने कहा कि बचपन में जिंदगी काफी आनंदमय होती है।

## सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से लगेगी स्पेशल लोक अदालतः अमित वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



अमित वर्मा।

सुप्रीम कोर्ट में आगामी 29 जुलाई 2024 से तीन अगस्त 2024 तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस से संबंधित पार्टियां यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वे 28 जुलाई से पहले स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अमित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्री-कंसिलीएटॉरी बैठकें आयोजित की जाएगी जिसमें पार्टियों के मध्य सुलह की संभावनाओं को परखते हुए ऐसे मामलों पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिन मामलों में पार्टी सरकार है ऐसे मामले विशेष लोक अदालत में निपटाए जाने की संभावना है।

### इन मामलों को किया जाएगा शामिल

सीजेएम ने बताया कि स्पेशल लोक अदालत में श्रम मामले, चैक बाउंस मामले (सेक्शन-138 एन.आई. एक्ट), दुर्घटना क्लेम मामले (मोटर दुर्घटना क्लेम), उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं (सिविल एवं आपराधिक), धन-वसूली से संबंधित मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानूनी मामले सेवाओं से संबंधित मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण-पोषण संबंधित मुद्दे, बंधक मामले, भूमि विवाद मामले, अन्य सिविल मामले शामिल किए जाएंगे। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में सम्पर्क / कॉल करें या संबंधित राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों या उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति की वेबसाइट पर जाएं।

## गुरुग्राम सीट पर राव समर्थक जीत को लेकर आश्वस्त

# चुनाव परिणाम को लेकर बढ़ रही उत्सुकता

- गुणा-भाग के बाद हार-जीत की चर्चाएं शुरू
- कांग्रेसी खेमा बड़ा उलटफेर होने की जता रहा संभावना

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी



राव इंद्रजीत सिंह



राज बब्बर।

लोकसभा चुनावों की मतगणना में अब पांच दिन का समय शेष है। मतदान के तीन दिन बाद तक प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने जमकर गुणा-भाग लगाया है। गुरूग्राम लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह समर्थक उनकी एक बार फिर से जीत का दावा कर रहे हैं, तो कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के समर्थक बड़ा उलटफेर होने की उम्मीद के साथ जीत के दावे कर रहे हैं। प्रत्याशियों और समर्थकों की चुनाव परिणाम को लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। प्रत्याशियों से ज्यादा उनके समर्थकों ने लगातार तीन दिन तक हर हलके में उनके पक्ष और विरोध में होने वाले मतदान पर जोड़-घटा के समीकरण तैयार करने का काम किया है। पंजाबी और जाट मतदाताओं का रुख अभी तक कोई नहीं भांप सका है, जबकि दलित वोट कांग्रेस की ओर जाता नजर आ रहा है। प्रत्याशियों के समर्थक एक-एक हलके का मिजाज भांपने पर जमकर एक्सरसाइज कर चुके हैं। इसके बाद राव समर्थक इस बात को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं कि उनके प्रत्याशी लगातार चौथी बार इस सीट पर संसद पहुंच जाएंगे। मतदान प्रतिशत में आई कमी को लेकर उन्हें यह बात भी साफ नजर आ रही है कि गत लोकसभा चुनावों की तुलना में इस बार जीत का मार्जिन ज्यादा नहीं होगा। एक-दूसरे के समर्थक अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, परंतु कांग्रेस के दावों में ज्यादा मजबूती नजर नहीं आ रही है। कोई भाजपा प्रत्याशी की एक-डेढ़ लाख मतों से जीत मान रहा है, तो कोई राज बब्बर को बीस से तीस हजार मतों से जिता रहा है।

### साइलेंट वोटरों की थाह नहीं मिल सकी

दोनों ही प्रमुख दलों के प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के दावों को लेकर भले ही निश्चिंत नजर आ रहे हों, परंतु साइलेंट वोटरों की थाह वह नहीं ले पाए हैं। इस बार साइलेंटर वोटरों को लेकर राजनीतिक जानकार भी असमंजस की स्थिति का सामना कर रहे हैं। ऊंट किस करवट बैठेगा, इसे लेकर विशेषज्ञ भी चुप्पी साधे हुए हैं। चर्चाओं का बाजार तेजी से गर्म हो रहा है। चर्चा यहां तक है कि दोनों प्रमुख दलों में भीतरघात भी कहीं न कहीं अपना काम कर रहा है, जो एक-दूसरे दल के प्रत्याशी को फायदा पहुंचा रहा है। बहरहाल इस समय लोगों की निगाहें 4 जून पर टिकी हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### दंपति के साथ मारपीट करने का केस दर्ज

**कोसली।** नया गांव रोड पर एक दंपति के साथ पानी को लेकर विवाद में मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में नया गांव रोड पर रहने वाले झब्बू सिंह ने बताया कि वह और उसकी पत्नी अपने मकान में वाटर सप्लाई का पानी दे रहे थे। इसी दौरान नित्यानंद और उसकी पत्नी ने वहां आकर पाइप हटाने को कहा। उन्होंने ऐसा करने से मना किया तो दोनों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी।

### विभिन्न मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने 10 मई को दर्ज किए गए मारपीट व धमकी देने के मामले में राव तुलाराम विहार कॉलोनी निवासी अनिल को गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में कोसली पुलिस ने गत 14 मई को सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए चालक नेहरूगढ़ निवासी सतपाल को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### युवक से मारपीट के आरोप में तीन नामजद

**कोसली।** एक युवक के साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में कोसली निवासी आशीष ने बताया कि सुनील, धर्मसिंह और सुशांत उसके घर पर आए थे। उन्होंने उससे कहा कि जरूरी बात करने के लिए उसे होली चौक पर चलना है। वह स्कूटी लेकर उनके साथ चला गया। वहां पहुंचते ही तीनों ने उस पर हमला कर दिया। उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### नाबालिग से दुष्कम का आरोपी किया काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 17 अप्रैल को केस दर्ज करते हुए पीड़िता का मेडिकल कराया था। मेडिकल में रेप की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने थाना रामपुरा अंतर्गत एक गांव निवासी सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### धारदार हथियार से हमले का केस दर्ज

**कोसली।** एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में गुरूग्राम के चक्करपुर निवासी सुशांत ने बताया कि वह बचपन से अपने मामा ज्ञानेंद्र के पास कोसली में रहता है। इस समय वह गुरूग्राम में जिम चलाता है। कोसली निवासी आशीष ने गांव के व्हाट्सएप गुरप पर उसके बारे में गलत लिखा था। वह इसका कारण पूछने के लिए आया था। आशीष उसे स्कूटी पर साथ बैठाकर ले गया। आगे जाकर उस पर हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### सिविल अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** सिविल अस्पताल के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में नैनसुखपुरा निवासी मोहित ने बताया कि वह घर से बाइक लेकर किसी काम से अस्पताल आया था। बाइक बाह खड़ी करने के बाद वह अस्पताल के अंदर चला गया। कुछ समय बाद बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

समूचे एनसीआर में हीट वेव का जबरदस्त प्रकोप, हीट स्ट्रॉक से बचे रहना अत्यंत जरूरी

# मई माह में जमकर तप रहा नौतपा, 47 डिग्री की गर्मी ने सताया, कल से राहत की उम्मीद

■ मौसम विभाग के अनुसार भारी गर्मी का असर दो दिन और रह सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। गर्मी से बचाव के लिए छाता लेकर जाती युवतियां। फोटो :हरिभूमि

गर्मी ने दशकों पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। तापमान वर्षों बाद मई माह के अंत में 47 डिग्री पर पहुंच गया है। नौतपा इस बार अच्छी तरह तप रहा है। पहले चार दिन में ही लोगों का लू के थपेड़ों ने बुरा हाल कर दिया है। भारी गर्मी के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हीटवेव का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिससे बचे रहना अत्यंत जरूरी है। हीट स्टॉक की आशंका भी बढ़ने लगी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इससे बचे रहने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार भारी गर्मी का असर दो दिन और रह सकता है। इसके बाद आसमान में बादल छाने और बूंदाबांदी से मौसम के तेवर नरम पड़ सकते हैं। गत वर्ष की तुलना में मई माह के अंत में इस बार गर्मी लगातार रिकॉर्ड कायम कर रही है। 28 मई के दिन एक दशक के दौरान कभी भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार नहीं गया। गत वर्ष इस दिन अधिकतम तापमान 35.5 और न्यूनतम 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मंगलवार को अधिकतम तापमान पहली बार 47 डिग्री और न्यूनतम 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौतपा 25 मई को शुरू हो गया था, जो 2 जून तक चलेगा। गत वर्ष नौतपा शुरू होते ही पहले ही दिन बरसात और ओलावृष्टि हुई थी, जिससे नौतपा में भारी गर्मी का प्रकोप नहीं देखा गया था। इस बार हालात बदले हुए हैं। आसमान साफ रहने के कारण सूरज की तपिश ने तापमान बढ़ा दिया है। गर्म हवाओं ने लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। बाजार से लेकर सड़कें तक दोपहर के समय सुनसान नजर आते हैं। लोग मजबूरी में ही घरों से बाहर निकलते हैं। दिन के समय चलने वाली लू का का प्रकोप अब देर रात तक भी जारी रहता है। मौसम विभाग के अनुसार 29 मई को आसमान में बादल छा सकते हैं, परंतु तापमान में ज्यादा कमी आने की संभावना नहीं है। माह के अंतिम दो दिन बादलों के साथ बूंदाबांदी होने के आसार हैं, जिससे तापमान में कमी आ सकती है। जून माह के पहले सप्ताह में मौसम में ज्यादा बदलाव आने की उम्मीद है। भारी गर्मी के कारण बिजली की मांग भी 150 लाख यूनिट के आसपास पहुंच गई है। दूसरी ओर भारी गर्मी के कारण मच्छरों का प्रकोप कम हो गया है। लू चलने से मच्छर मर जाते हैं, जिससे इनके प्रकोप में कमी आती है।

#### डयरिया फैलने की आशंका

भारी गर्मी के कारण डायरिया रोग भी लोगों को अपनी चपेट में ले सकता है। लीट स्ट्रॉक के कारण मरीज जहां बुखार का शिकार हो सकते हैं, वहीं गर्मी में दूषित पानी का इस्तेमाल उल्टी-दस्त का कारण बन सकता है। कटे हुए व खुले फलों का इस्तेमाल खतरनाक साबित हो सकता है। इन फलों से संक्रामक रोगों की आशंका बढ़ जाती है। बिना हाथ साफ किए खाना खाने से भी संक्रामक रोग की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। घटिया किस्म की आइसक्रीम और आइस कैंडी बीमारियों को निमंत्रण देती हैं। कच्ची बर्फ का इस्तेमाल जहां स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित होता है, वहीं नकली शीतल पेय भी लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ने का काम करते हैं।

#### हीट स्ट्रॉक का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार भारी गर्मी और लू के प्रकोप से हीट स्ट्रॉक का खतरा बढ़ गया है। हालांकि अभी तक जिले में हीट स्ट्रॉक के मरीज अस्पतालों में नहीं देखे जा रहे, परंतु मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने से मरीजों की संख्या बढ़ सकती है। स्वास्थ्य अधिकारियों का मानना है कि इतने तापमान में जहां तक हो सके, लोगों को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच घरों से बाहर नहीं निकलना चाहिए। अगर मजबूरी में बाहर जाना पड़े, गर्मी से बचाव के उपाय जरूर करने चाहिएं। भारी गर्मी के कारण सर्वाधिक रोगी बुखार, हीट स्ट्रॉक, डायरिया व बच्चों में पानी की कमी से संबंधित आते हैं।

#### गर्मी के मौसम में यह बरतें सावधानी

- जहां तक संभव हो दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलें।
- घर से निकलते समय छाता लेकर ही बाहर जाएं।
- दूषित व तले हुए खाद्य पदार्थों के इस्तेमाल से बचें।
- दूषित पानी के इस्तेमाल से हर हाल में बचना चाहिए।
- अधिक से अधिक साफ पानी का इस्तेमाल करें।
- नारियल व नींबू के पानी का अधिक इस्तेमाल करें।
- शरीर में पानी की कमी आने पर ओआरएस यूज करें।
- हीट स्ट्रॉक की अवस्था में डॉक्टर से परामर्श लें।

#### बीते दस साल में 28 मई का तापमान

| वर्ष | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 2015 | 24.2 | 26.0 |
| 2016 | 41.6 | 29.6 |
| 2017 | 39.5 | 26.4 |
| 2018 | 43.0 | 23.8 |
| 2019 | 43.5 | 27.0 |
| 2020 | 42.0 | 25.6 |
| 2021 | 42.8 | 22.0 |
| 2022 | 43.0 | 20.2 |
| 2023 | 35.5 | 23.5 |
| 2024 | 47.0 | 26.2 |

#### सावधानी बरतना ज्यादा जरूरी



इस बार गर्मी का प्रकोप काफी अधिक है। हीट स्ट्रॉक का खतरा बना हुआ है। लोगों को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक घरों से निकलने में परहेज करना चाहिए। दूषित पानी के इस्तेमाल से बचना चाहिए। इससे डायरिया का खतरा बना रहता है।

-डा. सुरेंद्र यादव, सीएमओ।

### युवक को बंधक बनाकर जमकर पीटा

**कोसली।** जुड्डी में एक युवक को घर के कमरे में बंधक बनाकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बंधक बनाए गए युवक को सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कमरे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस बयान में अजीत ने बताया कि वह गांव की गली से अपने घर की ओर जा रहा था। रास्ते में उसे साहिल, हिमांशु और प्रमिला ने रोक लिया। इन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसे घसीटते हुए अपने घर ले गए। वहां उसे कमरे में बंद करके इन लोगों ने जमकर मारपीट की। इसी दौरान किसी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उसे कमरे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने अजीत के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### घर में घुसकर युवक से मारपीट, कई पर केस दर्ज

**बावल।** जेलदार कॉलोनी में एक युवक पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस बयान में कॉलोनी निवासी उमेद ने बताया कि वह एक कंपनी में काम करता है। उसके घर पर सोमवार देर रात नवीन चार-पांच लोगों के साथ आया। यह लोग दीवार फांदकर घर में आए थे। इन लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। इन लोगों ने अशोकी के साथ भी मारपीट की।

## मेरिट में आने वाले छात्र सम्मानित

■ बच्चों ने अभिभावकों और स्कूल का नाम रोशन करने का काम किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा




धारूहेड़ा। मेरिट में आए विद्यार्थी स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो :हरिभूमि

केडीएम पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में बारहवीं की परीक्षा में मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने अभिभावकों और स्कूल का नाम रोशन करने का काम किया गया है। मंगलवार को स्कूल प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रधान संजय सिंह की अध्यक्षता में हुआ। प्राचार्या सरिता सिंह ने बताया कि परीक्षाओं में खुशी स्वामी ने, पलक, खुशी, हेमंत, प्रिया व अंशिका कश्यप ने बारहवीं की परीक्षा में मेरिट हासिल की, वहीं दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में साक्षी, भारती, लक्ष्य, अभिषेक, दिव्या, अक्षिता, नेहा व कृतिका ने मेधा सूची में अपना नाम दर्ज कराया। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पावर लिफ्टिंग के विजेताओं को मिला सम्मान

■ राष्ट्रीय पावर लिफिटंग स्पर्धा में जिले के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। विजेताओं को सम्मानित करते हुए अमित स्वामी। फोटो :हरिभूमि

गत 26 मई 2024 को जयपुर के राजस्थान एग्रीकल्चर रिसर्च इंसटीटयूट में पावर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स टीम इंडिया द्वारा आयोजित की गई राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए विभिन्न मुकाबलों में पदक जीत कर जिले एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है। पदक विजेता खिलाड़ी अपनी उपलब्धियों के साथ एशियन बाडी बिल्डिंग एवं फिसीक स्पोर्ट्स के महानिदेशक तथा जिम एसोसियेशन के जिला अध्यक्ष अमित स्वामी से भेंट करने पहुंचे, जहां अमित स्वामी ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि को जिले एवं प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया। अमित स्वामी ने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। 100 कि.ग्रा. वजन वर्ग में बावल के गांव जलियावास निवासी संजय पहलवान पुत्र सुभाष चंद ने स्ट्रांगमैन प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण पदक तथा पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता डैड लिफ्ट, बैंच प्रेस में 2 स्वर्ण पदक जीतकर कुल 5 स्वर्ण पदक अपने नाम अर्जित किए। जिले के गांव उष्मापुर निवासी किरणदीप पुत्र अजीत सिंह ने 90 किग्रा वजन वर्ग में डैड लिफ्ट, बैंच प्रेस प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण पदक जीते। बावल के गांव पातूहेड़ा निवासी उदय पुत्र दीपचंद ने 100 कि.ग्रा. वजन वर्ग में डैड लिफ्ट, बैंच प्रेस प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण पदक जीते तथा बैस्ट लिफटर का अवार्ड भी अपने नाम किया। कपिल पुत्र राम सिंह निवासी कमालपुर ने जूनियर वर्ग में 56 कि.ग्रा. वजन वर्ग में डैड लिफ्ट, बैंच प्रेस में स्वर्ण व रजत पदक जीता।

## ग्रीष्मावकाश को लेकर रेलवे ने चलाई स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। रेलवे जंक्शन का फाइल फोटो। फोटो :हरिभूमि

ग्रीष्मावकाश को देखते हुए रेल विभाग की ओर से गुजरात के साबरमती से हरिद्वार के बीच स्पेशल रेल सेवा शुरू की गई है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेल विभाग ने इस ट्रेन का संचालन किया है। यह ट्रेन दो सप्ताह में 5 ट्रिप संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार, गाड़ी संख्या 09425, साबरमती-हरिद्वार द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 31 मई से 14 जून तक साबरमती से प्रत्येक शुक्रवार व सोमवार को 18.45 बजे रवाना होकर अगले दिन 19.00 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09426, हरिद्वार-साबरमती द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 1 जून से 15 जून तक हरिद्वार से प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को 21.45 बजे रवाना होकर अगले दिन 22.30 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह ट्रेन रेलसेवा मार्ग में महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिण्डवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड जंक्शन, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर व रूडकी स्टेशन पर ठहराव करेगी। ट्रेन में 2 थर्ड एसी, 12 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बे होंगे।

#### जून माह में शुरू होगा ग्रीष्मावकाश

ग्रीष्मावकाश जून माह में शुरू होता है। इस बार गर्मी अधिक पड़ने के कारण प्रदेश सरकार की ओर से पहले ही अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस समय तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। गर्मियों की छुट्टियों में बड़ी संख्या में लोग भ्रमण करने के लिए ठंडे स्थानों की ओर कूच करते हैं। लोग ज्यादातर ट्रेनों में सफर करना पसंद करते हैं, जिससे यात्रियों की संख्या काफी बढ़ जाती है।

## मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

■ सरकारी स्कूल में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डहीना




रेवाड़ी। सम्मानित विद्यार्थियों के साथ डीईओ व अन्य।

युवा चेतना संगठन तथा ग्राम पंचायत सीहा के संयुक्त तत्वावधान में सीहा के सरकारी स्कूल में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह खनगवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर ने की। खंड संसाधन समन्वयक राकेश वत्स ने विशिष्ट अतिथि तथा प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने स्वागत अध्यक्ष की भूमिका निभाई। समारोह में 10वीं तथा 12वीं के तीन दर्जन से ज्यादा मेधावी विद्यार्थियों, सभी शिक्षकों के अलावा दानवीरों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। समारोह में विज्ञान संकाय में जिला टॉपर रहे विद्यालय के विद्यार्थी रमन कुमार को शिक्षा रत्न की उपाधि तथा 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवा चेतना संगठन के अध्यक्ष नरेश भारद्वाज, महासचिव प्रदीप यादव, सरपंच प्रतिनिधि दीपक यादव, समाजसेवी चुन्नीलाल शर्मा, कृष्ण चौहान, ठेकेदार प्रदीप कुमार, विजयपाल यादव को विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय में योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक मोहनलाल तथा प्रदीप चौहान को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के पुरस्कार से नवाजा गया।

## बुनियाद लेवल-तीन में दो विद्यार्थियों का चयन

■ मौलिक मुख्य अध्यापिका कांता देवी ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले वैशाली और इशांत।

राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरोज के दो विद्यार्थियों ने बुनियाद लेवल-3 परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विज्ञान अध्यापक महेश कुमार ने बताया कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय सून्दरोज के दो विद्यार्थी वैशाली पुत्री कैलाश तथा इशांत पुत्र रामेश्वर ने गत 28 अप्रैल को शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। मौलिक मुख्य अध्यापिका कांता देवी ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय स्टाफ अध्यापक सुरेश कुमार, पवन सिंह, अध्यापिका कृष्णा कुमारी, विमला देवी, श्वेता यादव सहित विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों ने प्रतिभाओं को शुभकामनाएं दी।

**जागरूकता** डीसी ने लघु सचिवालय सभागार में नार्को समन्वय कमेटी की समीक्षात्मक बैठक की

जिला में सर्वे करवाते हुए नशा करने वालों की पहचान करनें के दिए निर्देश

## युवाओं को नशे की दलगल से बाहर निकालने के लिए करने होंगे सकारात्मक प्रयास

■ युवाओं को नशे की लत से रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। नार्को समंव्य समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिला नार्को समन्वय कमेटी के अधिकारी जिला के युवाओं को नशे रूपी दलदल से बाहर निकालने के लिए सकारात्मक व प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं को दिन प्रतिदिन अपनी गिरफ्त में ले रहा है, जिससे युवा अपने लक्ष्य व मार्ग से पथभ्रष्ट हो रहे हैं। हमें मिलकर युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालना होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त है तथा मादक पदार्थों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए कदम उठाए जा रहे हैं। डीसी राहुल हुड्डा मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में नार्को समन्वय कमेटी की समीक्षात्मक बैठक ले रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में सर्वे करवाते हुए नशा करने वालों की पहचान करें और उनकी काउंसलिंग करवाएं। इस कार्य में पुलिस विभाग का भी सहयोग लिया जाए। संबंधित विभाग जिला में उगी हुई जंगली भांग बारे अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करें। जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन के साथ-साथ विद्यालय व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को नशा न करने बारे जागरूक किया जाए। युवाओं को नशे की लत से रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला में संचालित नशा मुक्ति केंद्र बारे भी जानकारी प्राप्त की।

#### नशा बेचने व नशा करने वालों की सूचना दें

एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि रेवाड़ी जिला को नशा व अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई को समाज से मिटाने तथा नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए सभी लोगों को आगे आना होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि सरकार व जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए चलाई जा रही मुहिम में भी बढ़-चढ़कर भाग लें। यदि कोई व्यक्ति नशा बेच रहा है अथवा सेवन कर रहा है तो इसकी सूचना हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री मोबाइल 9050891508 पर दें। जो भी व्यक्ति गांव में ड्रग्स लेता है उसकी सूचना नजदीकी थाना प्रभारी को दें।